# Sample Questions for Computer Efficiency Test (Hindi) – Word

**Note: यह केवल एक नमूना प्रश्न पत्र है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे MS-Word 2013 व MS-Excel 2013 सॉफ्टवेयर की अच्छी तरह से तयारी कर लें।**

राजस्थान भारत गणराज्य का क्षेत्रफल के आधार पर सबसे बड़ा राज्य है। सर्वप्रथम 1800 ई मे जार्ज थामस ने इस प्रांत को राजपूताना नाम दिया। प्रसिद्ध इतिहासकार जेम्स टाड ने "एनलस एंड एन्टीक्वीटीज आफ राजस्थान" में इस राज्य का नाम रायथान या राजस्थान रखा। इस राज्य की एक अंतरराष्ट्रीय सीमा पाकिस्तान के साथ 1070 कि॰मी॰ जिसे रेड क्लिफ रेखा के नाम से जानते है, तथा 4850km अंतर्राज्यीय सीमा जो देश के अन्य पाँच राज्यों से भी जुड़ा है। इसके दक्षिण–पश्चिम में गुजरात, दक्षिण–पूर्व में मध्यप्रदेश, उत्तर में पंजाब (भारत), उत्तर–पूर्व में उत्तरप्रदेश और हरियाणा है। राज्य का क्षेत्रफल 3,42,239 वर्ग कि॰मी॰ (132140 वर्ग मील) है। 2011 गणना के अनुसार राजस्थान की साक्षरता दर 66.1% हैं।

राज्य की राजधानी जयपुर हैं। भौगोलिक विशेषताओं में पश्चिम में थार मरुस्थल और घग्गर नदी का अंतिम छोर है। विश्व की पुरातन श्रेणियों में प्रमुख अरावली श्रेणी राजस्थान की एक मात्र पर्वत श्रेणी है, जो कि पर्यटन का केन्द्र है, माउंट आबू और विश्वविख्यात देलवाड़ा मंदिर सम्मिलित करती है। राजस्थान में तीन (रामगढ़ विषधारी के जुड़ने के बाद चार ) बाघ अभयारण्य, मुकंदरा हिल्स, रणथम्भौर एवं सरिस्का हैं और भरतपुर के समीप केवलादेव उद्यान है, जो सुदूर साइबेरिया से आने वाले सारसों बड़ी संख्या में स्थानीय प्रजाति अनेकानेक पक्षियों संरक्षित–आवास रूप विकसित किया गया है। राजस्थान का सबसे नया संभाग भरतपुर छोटा जिला क्षेत्रफल की दृष्टि दुदू धौलपुर 3034 वर्ग किमी है । और बड़ा जैसलमेर हैं जिसका 38401 वर्ग किमी. । भारत गर्म स्थान फलोदी जोधपुर यहीं है। सौर ऊर्जा संयंत्र बहुत ज्यादा स्थापित हो रहे हैं। वर्तमान समय मे 50 जिले हैं।

राजस्थान की आकृति लगभग पतंगाकार है। राज्य २३ ३ से ३० १२ अक्षांश और ६६ ३० से ७८ १७ देशान्तर के बीच स्थित है। इसके उत्तर में पाकिस्तान, पंजाब और हरियाणा, दक्षिण में मध्यप्रदेश और गुजरात, पूर्व में उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश एवं पश्चिम में पाकिस्तान हैं।

**परीक्षा के समय उपरोक्त पैराग्राफ स्क्रीन पर दिए जाएंगे। अभ्यर्थी को प्रश्न पत्र में बताए गए कार्य करने होंगे।**

**नीचे दिए गए कार्य निष्पादित करें:**

1. पहले पैराग्राफ को अंडरलाइन करे ।
2. तृतीय पैराग्राफ को इटैलिक फॉन्ट इफेक्ट करे ।
3. आखरी पैराग्राफ को बोल्ड इफेक्ट करे ।
4. द्वितीय पैराग्राफ की फॉण्ट साइज 13pt करे ।
5. पहले पैराग्राफ को सेंटर एलाइन करे ।

SAMPLE QUESTION PAPER